**Patrika (Indore), 08th December 2020, Page-6**

# प्राइमरी हेल्थ सेंटर व पुलिस को मिली यूवी-डिसइंफेक्शन सुविधा

**इंदौर** ◆ इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर द्वारा प्राइमरी हेल्थ सेंटर एवं पुलिस स्टेशन सिमरोल में यूवी-डिसइंफेक्शन सुविधा दी गई है। यह डिसइंफेक्शन आर्म (हाथ) एवं बॉक्स पूर्ण रूप से आइआइटी इंदौर द्वारा विकसित एवं डिजाइन की गई है। यह डिस्इंफेक्ट करने के लिए अल्ट्रा वायलेट लैम्प (यूवीसी) का प्रयोग करता है। यूवीसी किरणें सार्स कोव-2 वायरस को निष्क्रिय करने के लिए भी प्रभावी मानी जाती हैं। यह आर्म आधे घंटे में 100 वर्गफुट के आकार वाले कमरे को कीटाणुरहित करने के अनुसार डिजाइन किया है। वहीं बॉक्स एक मिनट में कागज एवं अन्य सामग्री को कीटाणुरहित कर देता है। दोनों ही जगहों पर कागज एवं सामग्री अधिक होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह डिसइंफेक्शन सुविधा यहां दी है।